सार-समाचार

जागरूकता सेशन में फिटनेस के गुरु बताए

भरतपुर (निस)। भरतपुर साइकिल क्लब द्वारा स्वस्थ जीवनशैली और फिटनेस जागरूकता को बढावा देने के लिए पहली बार शहर में जुम्बा फिटनेस सेशन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सभी नागरिकों के लिए खुला और निःशुल्क रखा गया, जिससे बडी संख्या में लोग जुडकर इसका लाभ उठा सके। आयोजन का स्थान रहा विश्व प्रिय शास्त्री पार्क, जहाँ सुबह 6 बजे से ही उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में दिल्ली से आए प्रसिद्ध जुम्बा इंस्ट्रक्टर्स विजय, वरुण और रश्मि, तथा योगाचार्य साक्षी खंडेलवाल ने प्रतिभागियों को जुम्बा और योग के विविध अभ्यास कराए। उनकी ऊर्जावान प्रस्तुति ने प्रतिभागियों को फिटनेस के प्रति गंभीर होने के साथ-साथ आनंदपूर्वक व्यायाम करने का संदेश दिया। इस अवसर पर क्लब के सचिव जीवन जैन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा भरतपुर साइकिल क्लब हमेशा से नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करता रहा है। पहली बार हमने जुम्बा फिटनेस क्लास का आयोजन किया है, जिसे सभी के लिए निःशुल्क और खुला रखा गया। हमारा उद्देश्य है कि स्वास्थ्य का संदेश समाज के हर वर्ग तक पहुँचे। आने वाले समय में हम ऐसे कार्यक्रम लगातार आयोजित करेंगे, ताकि भरतपुर फिटनेस के क्षेत्र में नई पहचान बना सके। बीसीसी के वरिष्ठ राइडर गौरव जिंदल ने बताया की भरतपुर साइकिल क्लब ने यह संकल्प लिया कि भविष्य में भी विभिन्न पार्कों और सार्वजनिक स्थलों पर इस प्रकार के फिटनेस एवं साइकिलिंग कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे, ताकि नागरिकों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और उत्साह निरंतर बढ़ता रहे। कार्यक्रम में भरतपुर साइकिल क्लब के राइडर परिवार तथा शहर के नागरिकों ने बढ चढ़ कर हिस्सा लिया

भरतपुर में अनिल सिही तीसरी बार बने निर्विरोध डीग जिला अध्यक्ष

भरतपुर (निस)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला शाखा डीग का निर्वाचन राजकीय बालिका विद्यालय पुराना बस स्टैंड डीग में जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदेश महिला मंत्री गीता जैलिया तथा पर्यवेक्षक नरेंद्र लवानिया द्वारा किया गया निर्वाचन में निर्विरोध तीसरी बार जिला अध्यक्ष अनिल सीही तथा जिला मंत्री देवेंद्र यादव, सभाध्यक्ष रंजीत डागुर, कोषाध्यक्ष जोगेंद्र पाल गुप्ता, को निर्वाचित किया गया। निर्वाचन के उपरांत जिला मंत्री देवेंद्र यादव ने बताया की 26 एवं 27 सितंबर को होने वाला जिला सम्मेलन उप शाखा कामा में आयोजित किया जाएगा। जिला अध्यक्ष अनिल सीही ने कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार व्यक्त करते हुए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा टीईटी की अनिवार्यता किए जाने पर 15 सितंबर को 3:00 बजे कलेक्टर को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुरुषोत्तम शर्मा जिला सवाई माधोपुर रहे कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन मंत्री पदम सिंह ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार शर्मा सूरजभान कल्याण सिंह राकेश राहुल जय सिंह अशोक पुष्पेंद्र सौरव, धीरेंद्र शर्मा, नीतेश, नरेश महावीर दिगंबर प्रजापत होशियार सिंह मनोज खंडेलवाल अशोक आर्य हरमेष यादव अर्चना शर्मा संतोष कश्यप महावीर सिंह आदि एवं समस्त अप शाखाओं के दायित्वान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यकारिणी का विस्तार

करौली । राजस्थान आदिवासी मीना महासभा संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष प्रो रामेश्वर मूंडरी ने प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। इस दौरान प्रदेश मीडिया प्रभारी राजकुमार नारोली ने बताया कि प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर दुर्गा प्रसाद झुंझुनूं, रामदयाल बडापुरा मासलपुर, रामखिलाडी पूर्व एक्सईएन पीतूपुरा, प्रदेश महासचिव पद पर उमेश कुमार कोटा, सीएल ठीकरिया सिकराय, भरतलाल ढहरिया नादोती, सुरेन्द्र सैक्रेटरी गादोली करौली, धुंधीराम सरपंच धडंगा गुढाचंद्रजी, सरस्वती कमालपुरा, सूरजमल पूर्व व्याख्याता बामनवास, विधि सलाहकार एडवोकेट अशोक डोलिका राज हाईकोर्ट, सोसल मीडिया प्रभारी बिस्सू झारोटी भुसावर, प्रदेश सचिव पद पर सीताराम पूर्व सरपंच बालाहेडा, फोरूलाल आंसलगांव उनियारा, मुकेश भगवानपुरा उनियारा, बंशीलाल अलीगढ़ उनियारा, छाजूलाल सिकराय, घनश्याम प्रधानाचार्य लूलोज, सुमेर सिंह व्याख्याता जमूरा करौली, जसराम व्याख्याता मांगरोल, अमृतलाल सनैट का पुरा, मुकेश करौली, श्रृंगार सिंह कंवरपुर सपोटरा, धर्मवीर कांकरेट सरमथुरा, समय सिंह सरपंच चैनपुर को मनोनीत किया गया है।

सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति की बैठक संपन्न

करौली । महात्मा ज्योतिबा फुले विकास संस्थान करौली के तत्वावधान में मालीदूसैनीदूकुशवाहा समाज के सातवें सामूहिक विवाह सम्मेलन तथा छात्रावास निर्माण कार्य की समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संस्थान अध्यक्ष प्रेमसिंह माली ने की। ैठक के प्रारंभ में संस्था सचिव रामगोपाल माली एवं प्रवक्ता गोपाललाल माली ने सम्मेलन के प्रचार-प्रसार और छात्रावास निर्माण कार्य से संबंधित विस्तृत योजना प्रस्तुत की।संस्थान अध्यक्ष ने कहा कि समाज में आर्थिक कमजोरी को दूर करने हेतु सामूहिक विवाह सम्मेलन जैसे कार्यक्रम जरूरी हैं। इसी उद्देश्य से आगामी 2 नवम्बर 2025 को सातवां सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित होगा। उन्होंने सभी समाज बंधुओं से अधिक से अधिक जोड़ों का पंजीयन कराने और गांव-गांव, ढाणी-ढाणी तक प्रचार-प्रसार करने का आ ान किया। साथ ही उन्होंने छात्रावास निर्माण व संसाधन जुटाने में भामाशाहों से आगे आने की अपील की। इस अवसर पर एक सदस्यदूएक कुर्सी अभियान की शुरुआत कि गई। बैठक में समिति गोपाल लाल माली पूर्व पार्षद रामसिंह किसान, कर्मचारी संघ अध्यक्ष तुलसीराम सैनी, सरपंच रमजी, पांचपुरा अध्यक्ष शंकर सैनी, गोवर्धन भक्त मंडल अध्यक्ष मिश्रीलाल, पूर्व अध्यक्ष श्याम, सुगन पटेल, यूनियन बैंक प्रबंधक कमरपाल सैनी, कमल आदि ने भी संबोधित कर तन,मन,धन से सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे जिनमें पूर्व पार्षद बाबूलाल,डगासरा अध्यक्ष श्रीफूल, रामखीलाड़ी ,रामदयाल कोतवाल, भैरोलाल, पन्नूसिंह, शिवचरण मेंबर, जगन्नाथ सरपंच, धर्मी, बत्तीलाल, गजानंद (काका होटल), हेमराज हलवाई, बनेसिंह, रंगलाल, रामसिंह, प्रहलाद, हेमराज टेंट, राजेंद्र प्रसाद, प्रेम सिंह बरखेड़ा सहित अन्य समाज बंधु उपस्थित रहे।

संयोजकों की नियुक्ति

गंगापुर सिटी । यशस्वी प्रधानंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मोत्सव पर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा मनाए जा रहे सेवा पखवाडा सफल संचालन के लिए जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर की सहमति से मोर्चा संयोजक जमना लाल वैष्णव ने भाजयुमो में विकास सैनी को, महिला मोर्चा में एड उर्मिला सिंह को, किसान मोर्चा में रघनाथ वैष्णव को, अल्पसंख्यक मोर्चामें अंसार खरीफा को, एसटी मोर्चा में केदार मीना को, एससी मोर्चा में खेमराज महावर को एवं ओबीसी मोर्चा में गिरधारी सोनी को संयोजक नियुक्त किया है। सेव पखवाडा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक मनाया जायेगा।

भोजन प्रसादी में किया सहयोग

करौली । शहर की नई सब्जी मंडी के पीछे संचालित मां अन्नपूर्णा निशुल्क भोजनशाला में दोनों समय जरूरतमंद एवं अस्पताल की भर्ती रोगी और उसके परीजनो को प्रेम से निशुल्क प्रसादी ठाहण कराई जाती है। इस दौरान मंगलवार को टीम मित्रपय आए ठ्रुप जयपुर से डॉ विनीत शर्मा, डॉ रश्मि शर्मा एवं जया वेलनी लोगों को प्रेम से प्रसादी ठाहण करते हुए किया जा रहे कार्यों की सराहना की इस दौरान अध्यक्ष बाला साहब, भोजन शाला समिति के टीकाराम मीणा गैस वाले, बबलू शुक्ला, के के मित्तल, उपस्थित रहे।

अग्रसेन जयन्ती महोत्सव 2.25

गंगापुर सिटी । अग्रवाल समाज गंगापुर सिटी की ओर से रविवार को नई अनाज मंडी परिसर में आयोजित सामूहिक सहभोज एवं बाल मेले का कार्यक्रम भव्यता और एकता की मिसाल बन गया। इस विशाल आयोजन में गंगापुर क्षेत्र सहित बाडी, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर सहित विभिन्न जिलों से आए 2० हजार से अधिक अग्रवाल समाज के लोग शामिल हुए। समाजबंधुओं की यह ऐतिहासिक मौजूदगी सामाजिक समरसता और भाईचारे की अनूठी तस्वीर पेश कर गई। सामूहिक सहभोज की तैयारियों में अग्रवाल समाज गंगापुर सिटी की सभी इकाइयों ने जी-जान से मेहनत की। सुबह 11 बजे से शुरू हुआ कार्यक्रम शाम 5 बजे तक चलता रहा। महिला संगठन ने महिला पंडाल की जिम्मेदारी संभाली और पूरे दिन तक कार्य में सक्रिय रही। भोजन वितरण के लिए 24 स्टॉल बनाए गए, जिन पर अलग-अलग इकाइयों की टीमें तैनात रही। वहीं, व्यापार मंडल ने सभी मेहमानों का ठंडाई से स्वागत किया।

भरतपुर में स्वर्ण काया योग क्लब का भव्य उदघाटन

■ समाजसेवी डॉ. आलोक शर्मा ने रिबन काटकर शुभारंभ किया

भरतपुर (निस)। शहर में स्वास्थ्य, योग एवं प्राकृतिक जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वर्ण काया योग क्लब का भव्य उदघाटन रविवार को समाजसेवी डॉ. आलोक शर्मा के करकमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में डॉ. कुलदीप शर्मा उपस्थित रहे। उदघाटन समारोह में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सलाहकार डॉ. अविनाश सोनी ने बताया कि स्वर्ण काया योग क्लब में लोगों को योग की एडवांस तकनीकें सिखाई जाएंगी, जो हर उम्र वर्ग के लिए लाभकारी होंगी। यहाँ एडवांस योगा, अष्टांग योग, हठ योग, मेडिटेशन, साधना, जुंबा क्लास के साथ-साथ डांस क्लास भी संचालित की जाएंगी। डॉ. सोनी ने कहा कि इन गतिविधियों के माध्यम से आमजन में योग के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़ेगी।

समारोह का वातावरण उस समय विशेष बन गया जब कीर्ति ने अपने माथे पर जलता हुआ दीप रखकर अनूठा दीप योग प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त जेसी चौधरी द्वारा प्रस्तुत जुंबा डांस ने उपस्थित लोगों को उत्साह से भर दिया। कार्यक्रम में डॉ. अविनाश सोनी ने ध्यान (मेडिटेशन) के महत्व पर विशेष प्रकाश डालते हुए कहा कि योग व ध्यान न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि मन को भी संतुलन प्रदान करते हैं। मुख्य अतिथि डॉ. आलोक शर्मा ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसकी बदौलत आज पूरी दुनिया भारत की ओर आकर्षित हो रही है। उन्होंने इस क्लब के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को योग से जुड़ने का आ ान किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. कुलदीप शर्मा ने भी कहा कि योग से जुड़कर मनुष्य तन, मन और आत्मा तीनों को स्वस्थ बनाए रख सकता है। कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों ने योग के महत्व पर अपने-अपने विचार रखे और स्वर्ण काया योग क्लब की स्थापना को समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

इस अवसर पर डॉ. राजकुमार शर्मा, डॉ. कृष्णा शर्मा, डॉ. कनिष्का शर्मा, मीनू गुप्ता, सी.एस. कृष्णा सहित अनेक गणमान्य नागरिक, योग साधक एवं महिलाएँ उपस्थित रहीं। समारोह का संचालन गरिमामय और उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि योग क्लब आने वाले समय में शहरवासियों के स्वास्थ्य और जीवनशैली को बेहतर बनाने में मील का पत्थर सिद्ध होगा।

विप्र फाउंडेशन का राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

■ 350 से अधिक प्रतिभाऐ हुई सम्मानित

गंगापुर सिटी । विप्र फाउंडेशन राजस्थान जोन-1डी की ओर से राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विजय पैलेस ओसवाल चुंगी नाका में आयोजित इस कार्यक्रम में विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भुवनेश्वर शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जोन-1 के अध्यक्ष हेमंत शर्मा ने की। समारोह में भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

इस मौके पर कई क्षेत्रों से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इनमें कक्षा 8वीं, 1०वीं, 12वीं के मेधावी छात्र शामिल थे। बीए, एमए, बीएससी, एमएससी के छात्रों को भी सम्मानित किया गया। राज्य और केंद्र सरकार की नौकरियों में चयनित युवाओं को भी सम्मान मिला। खेल क्षेत्र में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को भी सम्मानित किया गया।

गंगापुर सिटी, करौली, भरतपुर, सवाईमाधोपुर, धौलपुर, दौसा और डीग जिलों से आए प्रतिभागियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। जिला अध्यक्ष दिलीप तिवाडी ने बताया कि यह आयोजन पिछले 17 वर्षों से निरंतर चल रहा है। अतिथियों ने अभिभावकों से अपने बच्चों को उच्च और तकनीकी शिक्षा दिलाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि शिक्षित समाज से ही राज्य और राष्ट्र की प्रगति संभव है। इस तरह के आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास बढाते हैं और अन्य स्टूडेंट्स को भी प्रेरित करते हैं।

सप्त शक्ति संगम की बैठक

भरतपुर (निस)। सप्त शक्ति संगम की बैठक केशव नगर माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित की गई कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉक्टर मनीष शर्मा अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी दौसा तथा सप्तशक्ति संगम की प्रांत सहसंयोजी का रही उन्होंने कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण के विषय में महिलाओं की अहम भूमिका विषय में बताया कि महिला को सशक्त बनाने के लिए समाज में उसकी निर्माण में अहम भूमिका रहती है गीता के दसवें अध्याय के 34वें में नारी के साथ गुना के विषय में भी विस्तार से बताया इसमें विभाग संयोजक का जसवीर कौर जिला संयोजिका ललिता चौधरी सहसंयोजक नीतू सिंह एवं बालिका शिक्षा की जिला प्रमुख सुनीता शर्मा एवं जिले की प्रचार प्रमुख पूजा शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में 50 बहनों ने वक्ता के रूप में प्रशिक्षण को प्राप्त किया कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के द्वारा किया गया।

जिला कलक्टर ने सुनी आमजन की परिवेदनाएं

■ पंचायत समिति सपोटरा के भारत निर्माण केन्द्र पर जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना के निर्देशन में ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई

करौली, (निंसं.) राज्य सरकार के निर्देशानुसार नवीन त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था की अनुपालना में आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं उनके त्वरित निस्तारण के लिए ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। पंचायत समिति सपोटरा के भारत निर्माण केन्द्र पर जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना के निर्देशन में ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने संवेदनशीलता के साथ परिवादियों की समस्याएं सुनी और उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। साथ ही विभिन्न प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही करते हुए परिवादियों को राहत भी दिलाई।

जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान कहा कि राजस्थान संपर्क पोर्टल पर 90 से 180 दिन के प्रकरण, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, संभाग कार्यालय, मानवाधिकार आयोग से प्राप्त प्रकरणों का अधिकारी 07 दिन मे निस्तारण करना सुनिश्चित करें जिससे कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार आमजन को राहत मिले। उन्होंने लंबित चल रहे दर्ज प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण करते हुए समय पर रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चित करें जिससे परिवादी की समस्या का समाधान हो सके। जिला कलक्टर ने प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे आमजन की परिवेदनाओं को संवेदनशीलता के साथ नियमित रूप से सुने और मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए उनका त्वरित निस्तारण कर परिवादियों को राहत दिलाएँ।

अधिकारीगण यह भी सुनिश्चित करें कि इस जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों की आगामी जनसुनवाई में पुनरावृति न हो। जनसुनवाई के दौरान कुल 39 प्रकरण प्राप्त हुए जिनमें सरकारी भूमि पर से अतिक्रमण हटवाने, पेंशन चालू करवाने, एनएफएसए में नाम जुडवाने, सड़क बनवाने, पट्टा जारी करवाने सहित विभिन्न विभागों के अन्य प्रकरण शामिल हैं। इस अवसर पर, उपखंड अधिकारी सपोटरा सहित अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी एवं परिवादी उपस्थित रहे।

सवाई माधोपुर अंडर-19 टीम पहुंची सेमी फाइनल में

गंगापुर सिटी, । राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता में सवाई माधोपुर ने सीकर को 1० रन हराकर पहली बार सेमी फाइनल में प्रवेश किया। जिला क्रिकेट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रजनीकांत जैन ने बताया कि टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सवाई माधोपुर टीम ने 257 रन 7 विकेट पर बनाएं जिसमें शोएब ने 71 रन, साहिब 5० रन, 35 रन की पारी मयंक परमार ने खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए सीकर ने 9 विकेट खोकर पूरे 5० ओवर में 247 रन बनाए और इस तरह सवाई माधोपुर की टीम ने 1० रन से मैच जीत लिया। सवाई माधोपुर की ओर से नमन शर्मा ने दो विकेट, तनिष्क सिंगला ने दो विकेट, साहब ने दो विकेट, अनुराग मीणा कृष्ण कुमार गुप्ता आदित्य रावत ने दो-दो विकेट लेकर विरोधी टीम को परास्त करते हुए सेमी फाइनल में प्रवेश किया।

वही जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष डीडी कुमावत व सचिव डॉक्टर दीपक राज कोषाध्यक्ष विनोद अग्रवाल संयुक्त सचिव जितेंद्र उपाध्याय सूर्य प्रकाश शर्मा शरद माथुर, मनोज बंसल,कोच रवि गुर्जर, सफी पीटीआई, मुजाम्बिल पीटीआई,नरेंद्र शर्मा, श्रीकृष्ण शर्मा, नफीस खान अमिताभ सिंह जयंत जैन असीम मुखेजा रूपा नायक एनोस हरमन, मोनू असगर, अरुण चौधरी, मो अनीस, गजराज सिंह, दिलीप यादव, कन्हैया लाल सैनी, सुरेंद्र चौधरी, हनुमान सैनी, बाबूलाल वर्मा ने टीम के अच्छे प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

शिक्षक संघ राष्ट्रीय के चुनाव सम्पन्न

करौली । राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) जिला शाखा करौली के वार्षिक चुनाव में जिला अध्यक्ष पद पर गिरधारी लाल नामा एवं जिला मंत्री पद पर गोविन्द देव मीना को निर्वाचित किया गया है। संघ के जिला प्रवक्ता राजेन्द्र दीवान ने बताया कि आज रविवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट करौली में संघ का जिला महासमिति अधिवेशन एवं जिला शाखा के वार्षिक चुनाव आयोजित किए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी रामनरेश सिंह राठौड़ प्रदेश उपाध्यक्ष मण्डल भरतपुर एवं सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सतेंद्र फौजदार ने बताया कि प्रातः 9 बजे से निर्वाचन प्रक्रिया शुरू की गई जिसमें अध्यक्ष, मंत्री सहित कार्यकारणी के विभिन्न पदों पर जिले के सैकड़ों शिक्षकों ने अपने नामांकन दाखिल किए किंतु संगठन हित में सभी पदों पर सर्वसम्मति से निर्वाचन किया गया।जिनमें जिला सभाध्यक्ष पद पर कमल राम मीना, उपसभा अध्यक्ष मदनमोहन गुप्ता और समय सिंह गुर्जर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मानवेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष पुरुष पद पर रघुनंदन दत्त शर्मा, उपाध्यक्ष महिला पर मधुबाला मोदी, उपाध्यक्ष माध्यमिक नितिन सिंहल, उपाध्यक्ष प्राथमिक सूरज मीना, उपाध्यक्ष संस्कृत हेमलता मीना, महिला सचिव अर्चना अठावाल, सचिव मा ध्यमिक राजेश मीना, प्राथमिक ओमप्रकाश वर्मा, संस्कृत ओमप्रकाश कुशवाह, अतिरिक्त जिला मंत्री समय सिंह मीना, महिला मंत्री इंद्रा गुर्जर, कोषाध्यक्ष मदन लाल मीना, सदस्य प्रतिनिधि-अध्यापक विष्णुदत्त जांगिड़, पंचायत समिति शिक्षक ऋषिकेश बैरवा, वरिष्ठ अध्यापक गोपाल लाल गुप्ता, प्राध्यापक प्रशांत कुमार मीना, प्रधानाचार्य हरविंद्र गुर्जर, महिला शिक्षक पिंकी गुप्ता, प्रयोग शाला सहायक अशोक कुमार मीना, शारीरिक शिक्षा गणपत मीना, पुस्तकालय अध्यक्ष रामकेश मीना, सेवानिवृत शिक्षक नरेंद्र सिंह जादौन, प्रबोधक हेमराज मीना पंचायत शिक्षक खुर्शीद अहमद को सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किया गया। जिला महासमिति अधिवेशन के मुख्य अतिथि के रूप में महेश बाबू गुप्ता प्राचार्य डाइट,पर्यवेक्षक के रूप में संभाग संयुक्त मंत्री ओम प्रकाश खूंटेला, सूरज प्रकाश मित्तल, जिला संगठन मंत्री गजानंद वर्मा, सतानंद शर्मा, गणेश सिंह एवं समस्त उपशाखाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे। पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक कुमार मीना ने समस्त नवीन निर्वाचित कार्यकारणी को बधाई दी है।

जिला कारागृह का किया औचक निरीक्षण

करौली । विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष, जिला एवं सत्र न्यायाधीश माधवी दिनकर एवं जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने बुधवार को जिला कारागृह करौली का औचक निरीक्षण किया। कारागृह निरीक्षण के दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला कलेक्टर ने कैदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, भोजन व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं, स्वच्छता, सुरक्षा प्रबंध तथा आवासीय व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने बंदियों को व्यवहार सही रखने, अवांछनीय गतिविधियों में संलिप्त नहीं होने एवं आपत्तिजनक सामठी किसी भी प्रकार से जेल में नहीं मंगाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कारागृह परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कारागृह प्रशासन को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चाक-चौबंद रखने के निर्देश भी दिए इसके साथ साथ प्रभारी जेलर को सजग रहकर जेल में बंदियों पर निगरानी बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

श्री बांके बिहारी मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

भरतपुर (निस)। श्री बांके बिहारी जी मंदिर, भरतपुर में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ लक्ष्मण मंदिर से बिहारी मंदिर कथा स्थल तक निकाली गई भव्य एवं दिव्य कलश यात्रा से हुआ, जिसमें भरतपुर के कई विभिन्न समाजों के सदस्य एवं मातृ शक्ति कलश लेकर शामिल हुईं।

वर्मा बैंड की धार्मिक गीतों की मधुर धुन पर श्रद्धालु थिरकते नजर आए। डी.जे. भी धार्मिक गीतों से सभी को आकर्षित कर रहा था। घोड़ों के रथ पर भगवताचार्य श्री रोहित महाराज विराजमान थे एवं आचार्य गण रथ के साथ साथ चल रहे थे। मुख्य यजमान नरेश खंडेलवाल भागवत को सिर पर रख कर साथ में चल रहे थे एवं उनकी धर्म परायण पत्नी मंजू देवी प्रमुख कलश को लेकर चल रही थीं। मुखर्जी नगर से भी काफी मातृ शक्तियों ने कलश यात्रा में भाग लिया। कथा स्थल पर पहुंचने के बाद आरती की गई एवं कचौड़ी जलेबी का प्रसाद रूपी नाश्ता मुख्य यजमान द्वारा कराया गया। कलश यात्रा में कपिल फौजदार, पार्षद, धीरेन्द्रपाल सिंह बिल्लू, कौशलेश शर्मा, गिरधारी तिवारी, देवी पड़ा, सुशील कुमार, हरगोविंद मिश्रा, राकेश खंडेलवाल, डॉ निखिल उपाध्याय, हर्षवर्धन उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

सेवा शिविर अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

■ जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता में शुक्रवार को डीओआईटी के वीसी कक्ष में शहर चलो, ग्रामीण सेवा शिविर एवं सहकारिता अभियान की पूर्व तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई

करौली । राज्य सरकार के निर्देशानुसार संपूर्ण जिले में शहर सेवा शिविर, ग्रामीण सेवा शिविर एवं सहकारिता अभियान चलाये जाएंगे, जिसमें शिविर संचालित कर आमजन से संबंधित विभिन्न कार्यों एवं समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाएगा।

इस संबंध में जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता में शुक्रवार को डीओआईटी के वीसी कक्ष में शहर चलो, ग्रामीण सेवा शिविर एवं सहकारिता अभियान की पूर्व तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी वीसी कक्ष में एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े। जिला कलक्टर ने बताया कि अभियानों के संबंध में सभी तैयारियां चाहे प्रशासनिक हो या तकनीकी शिविरों के शुरू होने से पूर्व ही पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने प्री कैम्प के दौरान चिन्हित की गई गतिविधियों एवं कार्यों का विस्तृत ब्यौरा प्राप्त किया और कहा कि शहर सेवा शिविर मे प्राप्त परिवादों को मौके पर निस्तारण कर त्वरित राहत प्रदान की जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को विभागवार जिम्मेदारियां आवंटित की। जिला कलक्टर ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा प्राप्त निर्देशों का अक्षरशः पालना की जाए व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शिविरों का आयोजन किया जाए। शिविरों में जन प्रतिनिधियों को आमंत्रित कर समन्वय के साथ कार्य करें व आमजन को सरकार की योजनाओं से अधिक से अधिक लाभान्वित करें। इस दौरान उन्होंने ऐसे जर्जर भवनों को जिससे जनहानि होने की संभावना है जमीदौंज करने के निर्देश भी दिये। जिला कलक्टर ने बताया कि 15 सितम्बर से 02 अक्टूबर शहर सेवा शिविरों का आयोजन किया जाएगा जिसके तहत शहरी क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था में सुधार एवं ब्लैक स्पोटां की समाप्ति, नई स्ट्रीट लाइट लगाना एवं बंद लाइट को चालू कराना, बेसहारा पशुओं को पकड़ कर गौशाला अथवा संबंधित शैल्टर होम को सुपूर्द करना, शहरी निकायों में विभिन्न प्रकार के लम्बित प्रकरणों जैसे भवन मानचित्र अनुमति, भू-रूपान्तरण, पट्टे इत्यादि का निस्तारण, सड़क मरम्मत इत्यादि हेतु प्रस्ताव स्वीकृति, मौके पर काम, विभिन्न सार्वजनिक स्थलों जैसे पार्कों, बस स्टैण्डों, सामुदायिक केन्द्रों में रखरखाव के कार्य, जिन निकायों की सीमाए बढ़ाई गई है उनमें राजकीय भूमि चिन्हीकरण एवं इनके सदुपयोग हेतु प्लानिंग, नए सद्भावना केन्द्रों को खोलना, सामठी एकत्र एवं वितरित करना, विभिन्न राजकीय योजनाओं के तहत आवेदन प्राप्त कर स्वीकृति, आय एवं जाति प्रमाणपत्र को बनाना एवं वितरित करना इत्यादि कार्य किये जाएंगे। इसी प्रकार ग्रामीण सेवा शिविर 17 सितम्बर से प्रत्येक गुरूवार, शुक्रवार व शनिवार को प्रत्येक पंचायत समिति की दो ग्राम पंचायतों में आयोजित किया जाएगा। जिसके तहत विभिन्न सरकारी योजनाओं हेतु आवेदन एवं स्वीकृतियां, स्वास्थ्य शिविर, लम्बित यूडीआईडी कार्ड वितरण, पशु स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, विधायक, सांसद स्थानीय क्षेत्र कार्यक्रम तथा क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम (जैसे डांग, मगरा, मेवात इत्यादि) के तहत उपलब्ध राशि के माध्यम से स्कूलों इत्यादि की मरम्मत हेतु स्वीकृतियां, आपसी सहमति से विभाजन, लम्बित नोटिसों की तामीली, रास्ते खोलना, नामान्करण इत्यादि, स्वामित्व योजना के तहत पट्टों हेतु आवेदन स्वीकृतियां एवं वितरण, दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गाँव के तहत बीपीएल परिवारों का सर्वे, बिजली तारों एवं खम्भों इत्यादि में सुधार, बीज मिनी किट वितरण, स्वच्छता एवं वृक्षारोपण, आय, जाति प्रमाणपत्र को बनाना एवं वितरित करना इत्यादि कार्य किये जाएगे। जिला कलक्टर ने बताया कि 02 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक सहकारिता अभियान का आयोजन किया जाएगा जिसके तहत नवीन पैक्स के गठन हेतु प्रस्ताव सदस्यता राशि प्राप्त करना तथा स्वीकृति जारी करना, नए सहकारिता कानून के प्रावधानों की जनसाधारण को जानकारी देना, पैक्सों, डेयरी सहकारी समितियों में युवाओं एवं महिलाओं हेतु विशेष सदस्यता अभियान, पीएम किसान योजना के तहत लम्बित आवेदनों की ईकेवाईसी एवं आधार सीडिंग कराकर इनका निस्तारण, नवीन गोदामों हेतु आवश्यकतानुरूप जमीन चिन्हीकरण आदि कार्य किये जाएगे। उन्होंने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां करने व आमजन को अधिक से अधिक लाभान्वित कर शिविरों को सफल बनाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीणा, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक गंगासहाय मीणा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोपाललाल मीणा, महिला एवं बाल विकास विभाग के सहायक निदेशक जगदीश प्रसाद मीणा, सीपीओ अंकित कुमार गुप्ता, उपखंड अधिकारी